हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 10.5 डिग्री



**खबर संक्षेप**

### ठंड का सितम, न्यूनतम तापमान पहुंचा 10 डिग्री

**बिलासपुर।** ठंड के सितम तीखे हो चुके है। यही कारण है कि सुबह से लेकर शाम तक धूप होने के बाद भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है, और उन्हें गर्म कपड़ों में ही कैद होना पड़ रहा है। खास बात यह है कि 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री की कमी हो चुकी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री था लेकिन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया है। रात का तापमान धीरे-धीरे कम हो रहा है। सुबह के समय हर इलाकों में कोहरा छाया रहता है। सुबह स्कूल और काम में जाने वाले लोगों का सामना कड़ाके की ठंड से हो रहा है, जिससे हाड़ कपाने वाली ठंड लोगों को बेहाल कर रही है। विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से अगले तीन दिनों में एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। यानी विक्षोभ ठंड से थोड़ी राहत दिलवा सकता है।

# घूंघट की आड़ में महिलाओं ने दी परीक्षा, 60 साल की दादी और काका ने लिखा ककहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कहते हैं पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है। आप में लगन व जूनून है तो किसी भी उम्र में पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही जुनून वृद्ध महिलाओं व पुरुषों में रविवार को देखने को मिला। जिले की हजारों बुजुर्गों ने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी परीक्षा दी और साक्षर भी हुए। रविवार को जिले में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान (उल्लास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों की बजाय घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे थे। कई जगहों पर घूंघट की आड़ में महिलाओं ने पेपर लिखा तो, 60 साल के दादा और काका ने ककहरा लिखकर साक्षर होने का परिचय दिया।

भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले में इस बार 30 हजार से अधिक लोगों ने पढ़ लिखकर साक्षर होने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। खास बात यह है कि आदिवासी अंचल में भी पढ़ने-लिखने की इच्छा रखने वालों की संख्या बढ़ी है। रतनपुर क्षेत्र में माध्यमिक स्कूल में नव साक्षर परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यहां परीक्षा देने पहुंचे 60 वर्षीय बुजूर्ग ने बताया कि उन्होंने पूरा प्रश्न पत्र हल कर दिया है। पहले घर के काम और मजदूरी की वजह से पढ़ाई लिखाई नहीं कर सके, लेकिन अब अपने बच्चों और पोते पोतियों को पढ़ते लिखते देख मन में साक्षर होने की इच्छा जागी।



- घरेलू महिलाएं के साथ 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे



- दिखाया व सिखाया कि पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती

### 100 असाक्षर बंदियों ने जेल में दी परीक्षा

कार्यक्रम अधिकारी जेके पाटले के मुताबिक चारों विकासखंड में 493 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। इसमें बिल्हा में 52, मस्तूरी में 56, तखतपुर में 63 और कोटा विकासखंड में सबसे अधिक 322 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। केन्द्रीय जेल के 100 असाक्षर बंदी महिला एवं पुरुष भी परीक्षा में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकार विजय टांडे ने केन्द्रीय जेल में चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 2011 के जनसांख्यिकी आंकडे को देखे तो बिलासपुर जिले में अभी भी साक्षरता का प्रतिशत 74.76 प्रतिशत है। शेष व्यक्तियों को साक्षर करने का कार्य केन्द्र सरकार द्वारा समय समय पर विभिन्न योजनाओं के तहत किया जा रहा है।

**परीक्षार्थियों में उल्लास नजर नहीं आया**

## शिक्षक इंतजार करते रहे लेकिन कोई नहीं पहुंचा

**तखतपुर।** तखतपुर विकासखंड के परीक्षा केंद्रों में शिक्षक निरक्षरों का इंतजार करते रहे, लेकिन वे नहीं पहुंचे। कोटवार से एक दिन पहले मुनादी कराने के बावजूद परीक्षा केंद्र सूने रहे। विकासखंड में 63 परीक्षा केंद्रों में 653 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 7 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में ऐसे व्यक्ति जो गरीबी या जिम्मेदारी के वजह से पढ़ लिख नहीं पाए उन्हें साक्षर बनाने के लिए अभियान चलाया गया। इस परीक्षा की जमीनी हकीकत कुछ और नजर आई। परीक्षा केंद्रों में साक्षर होने के लिए कोई नहीं।

ग्राम खपरी के परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष धरमपाल तिवारी ने बताया कि इस परीक्षा 75 प्रश्न पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने कल शाम को ही कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी करा दी थी कि जिन्होंने साक्षर होने के लिए परीक्षा आवेदन दिया था वे आज परीक्षा दिला सकते हैं। गांव में मुनादी के बावजूद आज आयोजित इस परीक्षा में 10 से 2 बजे तक कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में केंद्र नहीं पहुंचा। एक अन्य परीक्षा केंद्र जरेली में केंद्राध्यक्ष गीतेश्वरी राज ने बताया कि यहां 14 परीक्षार्थी हैं जिसमें केवल 3 परीक्षार्थी ही पहुंचे थे।

### सास-बहू, देवरानी-जेठानी व पति व पत्नी ने भी दी परीक्षा

रविवार को हुई महापरीक्षा में कई रोचक किस्से देखने को मिले। सास - बहू, मां-बेटी व सास, देवरानी जेठानी ने भी परीक्षा दिलाई। कहीं पर पति-पत्नी ने परीक्षा दी। अधिकारियों ने बताया कि 60 वर्ष के बुजुर्ग और ग्रामीण कामकाजी महिलाएं निरक्षरता के अंधकार को मिटाकर साक्षर होने का अधिकार हासिल कर रहे हैं। केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, इस अभियान के अंतर्गत सामान्य विज्ञान और गणित में जोड़-घटाना इत्यादि का ज्ञान प्राप्त कर यह लोग इस शिक्षा का उपयोग अपने दैनिक जीवन में कर रहे हैं।

### छात्रा साम्या नासिर ने बताई 48 घंटे की संघर्ष भरी यात्रा

# एयरपोर्ट पर लोग संघर्ष कर रहे ना कोई बताने वाला न पूछने वाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से सैकड़ों, हजारों लोग परेशान हैं। बिलासपुर की साम्या नासिर जो की हैदराबाद में बीटेक की पढ़ाई कर रही हैं उन्हें भी इस परेशानी से जूझना पड़ा। हरिभूमि ने जब सौम्या से बात की तो उन्होंने 48 घंटे की अपनी संघर्ष भरी इस यात्रा के बारे में जो जानकारी दी वह यह बताने के लिए काफी है लोगों की क्या स्थिति होगी।

साम्या ने बताया कि वह हैदराबाद की एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी से बीटेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही हैं। उन्हें बिलासपुर आना था इसके लिए उन्होंने 5 दिसंबर की सुबह 9:00 बजे की हैदराबाद से रायपुर की इंडिगो फ्लाइट बुक की थी। कुल चार दोस्तों ने फ्लाइट ली थी। इसमें से दो छात्रों को दिल्ली तो एक छात्रा को जयपुर जाना था। साम्या को बिलासपुर पहुंचना था। रात 2 बजे पता चला कि दो छात्रों की दिल्ली जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कर दी गई तो उन्होंने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। कॉलेज से एयरपोर्ट की दूरी लगभग 2 घंटे की है इसलिए वे अपनी सहेली दृष्टि के साथ सुबह 4 बजे ही कॉलेज से निकल गई। करीब 6:30 बजे दोनों सहेलियां एयरपोर्ट पहुंची। एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद ही उन्हें काफी भीड़, शोर, हंगामा और परेशानियों से दो चार होना पड़ा।

### कोई भी जवाब देने को तैयार नहीं

एयरपोर्ट की ड्रॉ बैक एरिया में भी लंबी लाइन लगी थी। लोग परेशान थे। एयरपोर्ट स्टाफ ने आधे घंटे चेक इन करने की बात कही। करीब एक घंटा इंतजार करने के बाद इंडिगो की ओर से चेक इन कराया गया लेकिन गेट नंबर और बोर्डिंग पास नहीं दिया गया। 2 घंटे बाद बोर्डिंग पास और गेट नंबर 110 बताया गया जो की सबसे ग्राउंड फ्लोर पर है जबकि उनकी दोस्त दृष्टि को 16 नंबर गेट से जाने के लिए कहा गया। बोर्डिंग एरिया में भी कोई भी स्टाफ जवाब देने को तैयार नहीं था हेल्प डेस्क ने भी कोई मदद नहीं की तो परेशानी और बढ गई। इसके बाद 9 बजे आने वाली फ्लाइट 11 बजे तक नहीं आई तो तो सौम्या ने इंडिगो स्टाफ से पूछताछ की लेकिन किसी ने कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया।







### लगेज को कहीं भी फेंक दिया जा रहा

साम्या भागते हुए एयरपोर्ट से निकली और कार से रेलवे स्टेशन पहुंची। साम्या चलती हुई ट्रेन में भागते हुए चढ़ी। इसी हड़बड़ी में वह स्लीपर में ना चढ़कर जनरल बोगी में चढ़ गई। इस बोगी में पहले से ही बेहिसाब भीड़ थी और साम्या को लगातार 2 घंटे खड़े रहकर अपने दो बड़े बैगों के साथ यात्रा करनी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद साम्या को स्लीपर बोगी में जाने जगह मिली और वे ट्रेन से 6 दिसंबर की शाम करीब 6:00 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची है। साम्या ने बताया कि एयरपोर्ट में सामान की देखभाल करने वाला भी कोई नहीं था उनके जैसे कई यात्रियों के लगेज को कहीं भी फेंक दिया जा रहा है। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं है और हजारों सैकड़ो लोग परेशान हो रहे हैं।

### 12 घंटे बाद बताया फ्लाइट कैंसिल

साम्या ने अनुरोध भी किया कि यदि फ्लाइट कैंसिल है तो कृपया जानकारी दी जाए ताकि वह वापस हॉस्टल लौट सके नहीं तो अधिक रात होने पर कोई व्यवस्था नहीं हो पाएगी। साम्या ने बताया कि उनके सामने कई बुजुर्ग यात्री तो गिर गए क्योंकि वे लोग सुबह से एयरपोर्ट पहुंच गए थे और प्रबंधन की ओर से कोई भी खाने-पीने या रहने की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसी बहस विरोध और हंगामे के बीच पूरा दिन गुजर गया। शाम 6:00 बजे इंडिगो की ओर से जानकारी दी गई की रायपुर जाने वाली फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इससे यात्रियों में और गुस्सा बढ़ गया। साम्या ने बिलासपुर में अपने परिजन चाचा समीर अहमद और पिता नासिर हुसैन को कॉल किया। परिजनों ने आनन फानन में चरलाल्ली स्टेशन जो कि हैदराबाद के पास ही है से स्लीपर में स्पेशल ट्रेन में टिकिट कटवाया।



### बेरिकेड से हो रहा है हादसा, लगा जाम

**बिलासपुर।** इंदिरा सेतु पर लगाए गए बेरिकेड लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं, इससे जहां सड़क संकीर्ण हो चुकी है, वहीं रोजाना हादसे हो रहे हैं। जिससे लोगों की जान जोखिम में है। रविवार की शाम बेरिकेड से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया, सड़क पर दौड़ रही वाहन सवारों ने रोक कर उसकी मदद की, लेकिन इस दौरान वहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह और शाम के समय यह सबसे व्यवस्तम सड़क हो जाती है, जिसके चलते हादसे हो रहे हैं, लेकिन नगर निगम और यातायात विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहा है।

### पेट में पत्थर बांधकर तालाब में फेंक दी गई लाश

# पोल्ट्रीफार्म संचालक की धारदार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोल्ट्रीफार्म संचालक की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद पेट में पत्थर बांधकर लाश तालाब में फेंक दी गई। पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, घोरामार निवासी धीरज साहू पिता रामेश्वर साहू 26 साल गांव के बाहर पोल्ट्रीफार्म चलाते हैं। 30 नवंबर की रात वे पोल्ट्रीफार्म में सोने गए थे। दूसरे दिन घर नहीं लौटने और मोबाइल



बंद मिलने पर घरवाले पोल्ट्रीफार्म गए तो उसकी बाइक खड़ी थी। धीरज साहू व उनका मोबाइल गायब था। परिजन ने गांव व रिश्तेदारी में पतासाजी की, नहीं मिलने पर 1 दिसंबर को उन्होंने थाने में गुम इंसान दर्ज कराया। रविवार को गांव के लोगों ने पोल्ट्रीफार्म के पास तालाब में लापता धीरज साहू की लाश देखी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तालाब से शव बाहर निकाले तो कमर में पत्थर बंधा था। पीठ व कान के पास धारदार हथियार से हमला करने के निशान थे और पसली टूटी हुई थी। मृतक की हत्या करने के बाद शव तालाब में फेंक दी गई है। पुलिस जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है।

### पहले भी हो चुकी ऐसी हत्या

पूर्व में रतनपुर खूंटाघाट में एक महिला की हत्या कर लाश जला दी गई थी। पुलिस मृतका की पहचान नहीं कर पाई है। उसके बाद तिफरा सब्जी मंडी के पास उत्तर प्रदेश के ड्राइवर की हत्या करने के बाद लाश जला दी गई थी। फिर रतनपुर में भैंसाझार निवासी उपसरपंच सूर्य प्रकाश बघेल की जंगल में लाश मिली थी। उसके सिर पर लाठी राड से हमला करने निशान मिले थे। पुलिस तीनों अंधे कत्ल की गुत्थी नहीं सुलझा पाई है।

# लोन दिलाने के नाम पर 73 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम समृद्धि योजना के तहत शहर के मेडिकल व्यवसायी को 50 लाख रुपए का लोन दिलाने का झांसा देकर 73 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई थी, तकनीकि साक्ष्य के माध्यम से साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से फूटी कौड़ी की जब्ती नहीं हुई है।

जारी विज्ञप्ती के अनुसार, सकरी नेचर सिटी निवासी राजेश पाण्डेय पिता स्व. महावीर पाण्डेय मेडिकल व्यवसायी हैं। अननोन मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन कर श्रीराम सिटी यूनियन फायनेंस लिमिटेड मुंबई से पीएम समृद्धि योजना के तहत 50 लाख रुपए लोन दिलाने व 30 प्रतिशत की छूट दिलाने का झांसा दिया गया। 12 फरवरी 2024 से





29 सितंबर 2025 तक के मध्य विभिन्न मोबाइल नम्बरों से ग्रिजेश त्रिवेदी एवं अन्य कथित नामों से काल कर अलग अलग किश्तों में 73 लाख 23 हजार 291 रुपए बैंक खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी कर ली गई थी। साइबर थाना में उक्त मामले की जांच की जा रही थी। बैंक खाता धारकों की जानकारी, आनलाइन लेनदेन, घटना संबंधी तकनीकि जानकारी ली गई। उसके बाद टीम ने बिहार में दो दिन कैम्प कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी बिहार कनौली, गढ़वाल निवासी विकास कुमार विक्रम सिंह पिता अशोक कुमार सिंह 28 साल, अमन कुमार सिंह उर्फ पीयूष पिता संजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवकों ने दिल्ली किराए के मकान में रहकर अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318, 4, 111, 4, 66 डी आईटी एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। 73 लाख 23 हजार 291 रुपए की ठगी में पुलिस दोनों आरोपियों से फूटी कौड़ी जब्त नहीं कर पाई है।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप

### एयू ने शुभांगी को दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल से किया सम्मानित

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय में आयोजित छठवां दीक्षांत समारोह में शुभांगी ठाकुर को



गोल्ड मैडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। लख्मीचंद कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की छात्रा शुभांगी ने एम कॉम में 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व विश्व विद्यालय में प्रथम रैंक प्राप्त की है। छठवें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों गोल्ड मैडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । शिक्षक दंपती देवेंद्र सिंह ठाकुर–इंदुबाला ठाकुर की पुत्री शुभांगी ने अपनी इस उपलब्धि से माता पिता, शिक्षण संस्थान व विश्व विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई डा. अंबेडकर की पुण्यतिथि



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 6 दिसम्बर को अम्बेडकर चौक पर संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने कहा कि डॉ आंबेडकर तत्कालीन सामाजिक भेदभाव को मिटाने और जाति की ऊंचनीच को दूर कर समानता के लिए कार्य किए। उन्होंने जीवन भर शोषित ,उपेक्षित समाज को मुख्य धारा में जोड़ने, उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए लड़ते रहे। ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई को सर्वहारा समाज के लिए लड़े और उन्हें सफलता भी मिली। उन्होंने तीनो गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया और दलित समाज के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू कराया। बड़ी मेहनत से संविधान को बनाया ,उसी संविधान के कारण आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। कार्यक्रम में संयोजक ज़फ़र अली,हरीश तिवारी, माधव ओत्तालवार ,त्रिभुवन कश्यप,शिवा मिश्रा,राकेश शर्मा,विनोद साहू,सीमा घृतेश,राजेश शर्मा,वीरेंद्र सारथी,कमलेश लवहतरे,कौशिक धर,उमेश वर्मा,मनीष केडिया, सुनील पांण्डेय,दीपक रायचेलवार,राजू साहू, भजन सिंह गांधी, शुभलक्ष्मी सिंह, राजेश केसरी, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र राव, मनोज शर्मा, गौरव एरी, सैय्यद इमरान अली, सोहराब खान, लखन नागदेव, लोकेश नायक, सुबोध नायक, उमेश पटेल, आवेश उल्ला, पुष्कर पाल, जसवंत वर्मा, चन्द्र प्रकाश साहू, जितेंद साहू,उमेश चन्द्रवँशी,प्रवीण साहू आदि मौजूद थे।

### मासिक काव्य गोष्ठी में साहित्य लेखन एवं काव्य विधा विषय पर चर्चा



**बिलासपुर।** उसलापुर में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सनत तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें शहर के साहित्यकार एवं समीक्षक विजय कल्याणी तिवारी ने साहित्यकारों की रचनाओं की गति, लय एवं त्रुटियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए उन्होंने साहित्य लेखन एवं काव्य विधा के विषय पर सभी साहित्यकारों से चर्चा की। सभी साहित्यकारों ने अपनी स्वरचित कविताओं की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को सफलता के शिखर में स्थापित करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़े। आयोजन में शहर के युवा वीर रस कवि दीपक दुबे एवं वरिष्ठ साहित्यकार अमृत लाल पाठक, राकेश अयोध्या, द्रोपदी साहू, हरवंश शुक्ला, मनीषा भट्ट, ओपी भट्ट, बुधराम यादव, गजानंद पात्रे, जगतारन डहरे इत्यादि साहित्यकारों की उपस्थिति रही। उक्त आयोजन में वीररस के युवा कवि दीपक दुबे सागर द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार विजय कल्याणी तिवारी को 58 साहित्यकारों की देश भक्ति साझा संकलन तिरंगे में लिपट जाऊं पुस्तक भेंट किया।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन दिसंबर 20 तक

**बिलासपुर।** अदम्य साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित करने के लिए प्रतिष्ठित राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। साथ ही घटना की अवधि 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर 2025 तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## निधन

### महेंद्र बच्छ

**बिलासपुर।** ग्राम बिरकोना महामाया नगर निवासी महेंद्र



संजय बच्छ का निधन हो गया। वे 38 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 दिसंबर सोमवार को गृह ग्राम बिरकोना में किया जाएगा। वे कमल बच्छ एवं दिलेश बच्छ, डेरिहा बच्छ के भाई थे।

### उषा वाल्टर

**बिलासपुर।** तारबाहर निवासी उषा वाल्टर का निधन हो



गया। वे 79 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 8 दिसंबर को उनके निवास से सुबह 11 बजे प्रभु की वाटिका सिंधी कालोनी के लिए निकलेगी। वे राजेश, संजय व आशीष वाल्टर की माता थीं।

---

गणना प्रपत्र जमा किए गए | एसआईआर के तहत निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

# अनुपस्थित, डुप्लीकेट, मृत व स्थानांतरित लोगों की लिस्ट बूथों में होगी चस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे कार्य कर लिया गया है और मतदाताओं के भरे हुए गणना प्रपत्र जमा करा लिए गए हैं।

अब निर्वाचन आयोग ने सभी बीएलओ को यह निर्देश दिया है कि सर्वे दौरान जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या मृत पाए गए हैं, उनकी लिस्ट बूथों में चस्पा करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया जा रहा है। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का काम लगभग पूरा कर लिया गया है, साथ ही भरे हुए गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन कार्य भी कर लिया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार अब उन मतदाताओं की लिस्ट तैयारी की जाएगी, जिनके गणना पत्रक किन्हीं



कारणों से जमा नहीं हुए हैं। इनमें अनुपस्थित मिलने या स्थानांतरित होने एवं डुप्लीकेट तथा मृत हो चुके लोग शामिल हैं जिनका फार्म जमा नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं की लिस्ट तैयार कर मतदान केन्द्रों या पंचायत भवनों में तथा नगरीय निकाय कार्यालयों में चस्पा किया जाएगा ताकि उस पर दावा-आपत्ति किया जा सकें। इस लिस्ट को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट बीएलए के साथ साझा करने कहा गया है ताकि यदि कोई मतदाता किसी भी कारण से गणना पत्रक जमा नहीं कर पाया है तो वह भी गणना पत्रक निर्धारित तिथि तक जमा कर सकें। इस बात का ध्यान रखने कहा गया है कि प्रारूप सूची में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिनके विधिवत भरे हुए गणना प्रपत्र बूथ लेवल अधिकारी को वापस प्राप्त हुए हैं।

इसी तरह राजनैतिक दलों के नियुक्त बीएलए को अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट, मृत मतदाताओं की संख्या से अवगत कराया जाएगा।

---

तिलक नगर हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ के साथ समापन

# विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा, बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा 2025 का भव्य आयोजन साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ साइंस कॉलेज मैदान में हुआ, जहाँ जिले भर से जुटे सैकड़ों बजरंगी कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिलों के विशाल जत्थे के साथ शौर्य का प्रदर्शन किया। बाइक रैली के रूप में यह दल एकजुटता और संगठन की शक्ति का परिचय देते हुए लाल बहादुर शास्त्री शाला पहुंचा। वहीं से शौर्य यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

भगवा ध्वजों, जयघोषों और अनुशासित पंक्तिबद्ध व्यवस्था के साथ यात्रा शहर की प्रमुख मार्गों से होते हुए तिलक नगर स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां हनुमान चालीसा पाठ के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान समाज का उत्साह, मातृशक्ति की सहभागिता और युवाओं का जोश यात्रा को विशिष्ट गरिमा प्रदान करता रहा। सभी प्रमुख वक्ताओं का उद्बोधन साइंस कॉलेज मैदान में हुआ। जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने शौर्य यात्रा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामाजिक उद्देश्य और वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। महंत दिव्यकांत दास ने अपने आशीर्वचन में धर्म, संस्कार और समाज की एकता पर आधारित संदेश देते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। वक्ता विश्व वर्धन भट्ट ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वह भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला के



शौर्य यात्रा के दौरान नारेबाजी करते बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता।

साक्षात दर्शन कर रही है। श्री भट्ट ने कहा कि 1990 की कार सेवा, सरयू तट पर हुए बलिदानों और कोलकाता के कोठारी बंधुओं—राम और शरद कोठारी—के अदम्य साहस का स्मरण करते हुए कहा कि इन त्यागों की ही परिणति है कि आज रामलला 'टाट से ठाठ' में विराजमान हैं। उन्होंने पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की अनेक समस्याओं का समाधान सेवा, त्याग, संगठन और शौर्य से भरे बजरंग दल जैसे संगठनों के पास है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि देश की स्वतंत्रता को सात दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आज लगभग 200 जिलों में हिंदू समाज अल्पसंख्यक हो गया है, जो समाज को एकता, जागरूकता और संगठन की दिशा में गंभीरता से सोचने का संदेश देता है। जिला मंत्री विक्रांत केशरवानी ने मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, मनीष मोटवानी, राजीव शर्मा, डॉ. ललित माखीजा, दीपक सोनी, राम सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, विकांत केशरवानी, गौरव धनकर आदि मौजूद थे।

---

# परिवार न्यायालय भावनात्मक आघात को कम करने में सहायक

**बिलासपुर।** "परिवार न्यायालय केवल विवादों के निराकरण तक सीमित नहीं हैं, वे संबंधों की रक्षा कर, पुनर्मिलन को प्रोत्साहित करते हैं और भावनात्मक आघात को कम करने में सहायता करते हैं।"

उक्त बातें चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों, काउंसलर्स की राज्य स्तरीय बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम रविवार को विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया था। इसमें परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों, काउंसलर्स, सामाजिक कल्याण एजेंसियों एवं परिवार न्यायालय से संबंधित अन्य अधिकारी शामिल हुए। चीफ जस्टिस ने वर्चुअल माध्यम से बैठक का उद्घाटन किया।











■ परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों, काउंसलर्स की राज्य स्तरीय बैठक

उन्होंने अपने संबोधन में समाज की सबसे संवेदनशील और बुनियादी इकाई- परिवार की रक्षा में परिवार न्यायालयों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिवार न्यायालयों में कार्य करते समय विधिक ज्ञान के साथ-साथ सहानुभूति, धैर्य एवं मानवीय व्यवहार की समझ आवश्यक है, जिससे न्यायाधीशों, काउंसलर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समर्थन एजेंसियों का एक संवेदनशील और सहायक तंत्र निर्मित होता है। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केवल चुनौतियों की समीक्षा करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि परिवार न्यायालय से सहायता मांगने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, एवं समयबद्ध न्याय मिले। उन्होंने कहा कि मामलों का निराकरण जितनी संवेदनशीलता से किया जाता है, वही यह निर्धारित करता है कि परिवार मजबूत होकर उभरेगा या और अधिक विखंडित होगा। चीफ जस्टिस ने काउंसलर्स एवं सामाजिक कल्याण एजेंसियों की भूमिका की सराहना की।

---

# हमारा लक्ष्य सिम्स को संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों पर स्थापित करना : डॉ. मूर्ति

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में 3 दिसंबर को हॉस्पिटल इन्फेक्शन कंट्रोल कमिटी की बैठक अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

यह बैठक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह तथा हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल टीम के अध्यक्ष डॉ. समीर पैकरा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक में डॉ. सागरिका प्रधान, डॉ. संजय गीले, डॉ. सुचिता, डॉ प्रभात श्रीवास्तव नर्सिंग सुपरीटेंडेंट सरिता बहादुर, उज्ज्वला दास नर्सिंग स्टाफ पुष्पलता शर्मा, गीता पासवान, अंजू लक्ष्मी, संदीप कौर, सरिता टोप्पो, अनामिका राय, रेनू साहू, योगेश्वरी, नेहा, गरिमा पाण्डेय तथा कमलेश दीवान सहित संबंधित स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता की।बैठक में अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने कई बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में मॉपिंग की वैज्ञानिक एवं मानक प्रक्रिया, नर्सिंग एवं अन्य स्टाफ के लिए नियमित इन्फेक्शन कंट्रोल प्रशिक्षण, फर्नीचर मेंटेनेंस का निर्धारित शेड्यूल, दैनिक एवं साप्ताहिक मूल्यांकन की समीक्षा, मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम



#### मरीजों को सुरक्षित वातावरण मिले : डा. लखन सिंह

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि "हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल टीम की नियमित बैठकें अस्पताल की गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम सभी विभागों में स्वच्छता, अनुशासन और सुरक्षित कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मरीजों को सुरक्षित वातावरण मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।

के माध्यम से चेकलिस्ट रिकॉर्ड का संधारण कराने पर चर्चा की गई। नर्सिंग टीम अपनी चेकलिस्ट गूगल शीट/गूगल फॉर्म के माध्यम से सबमिट करेगी। प्रत्येक वार्ड में स्पिल मैनेजमेंट किट उपलब्ध कराने और बायोमेडिकल वेस्ट को सेग्रीगेशन के बाद सुरक्षित स्थान पर संग्रहित करने पर भी सहमति बनी। हॉस्पिटल इंफेक्शन कंट्रोल टीम ने मानक संचालन प्रक्रिया और चेकलिस्ट को शीघ्र अंतिम रूप देने का निर्णय लिया। अधिष्ठाता डा. रमणेश मूर्ति ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिम्स को संक्रमण-नियंत्रण के उच्चतम मानकों पर स्थापित करना है। टीमवर्क और सतत मॉनिटरिंग से हम बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित कर रहे हैं।

---

# धान खरीदी केंद्रों में बारदाना का हो रहा घोटाला, कड़ी चौकसी की जरूरत

**बिलासपुर।** धान खरीदी के लिए बनाए गए जिले के 140 उपार्जन केंद्रों से बारदाना घोटाले की सूचनाएं मिल रहीं है। बारदाना प्रभारी अपने क्षेत्र के चहेते किसानों को आपसी लेनदेन कर गुपचुप तरीके से बारदाना उपलब्ध करा रहे हैं, जो शासन के नियमों के विपरीत है। बीते दिनों तीन जिलाधिकारियों द्वारा चपोरा खरीदी केंद्र में दिन दहाड़े एक किसान को वाहन में बारदाना भरकर ले जाते पकड़ा गया था।

■ पैसे लेकर किसानों को दिए जा रहे बारदाने

चेहरा देखकर आपसी संबंधों वाले किसानों को गुपचुप तरीके से शासकीय बारदाना मुहैया कराने का खेल इन दिनों उपार्जन केंद्रों में चालू है। शासन के नियमों के अनुसार शासकीय बारदाना किसानों के द्वारा लाए गए धान को भरकर व्यवस्थित स्टैकिंग करने के लिए जारी किए गए हैं। किसानों को घर ले जाने के लिए नहीं। बीते दिनों चपोरा समिति में एक किसान को उपार्जन केंद्र से अपने निजी वाहन में सौ बारदाना ले जाते रंगे हाथों पकड़ा गया था। पकड़ने वाले कोई और नहीं बल्कि खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, डीएमओ अमित कुमार चंद्राकर एवं उपायुक्त सहकारिता चंद्रशेखर जायसवाल ही थे। समिति के कर्मचारियों द्वारा पक्षपातपूर्ण तरीके से किए जा रहे ऐसे व्यववहार पर कड़ी निगरानी की जरूरत है।

#### कई केंद्रों में प्यून ही बारदाना प्रभारी

सहकारी समितियों में प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, विक्रेता, लिपिक एवं भृत्य ही मुख्य रूप से कर्मचारी के रूप में पदस्थ होते हैं। धान खरीदी के तीन महीनों में इन कर्मचारियों के द्वारा आपसी सामंजस्य से कामकाज बांट लिए जाते हैं। कई समितियों में पदस्थ भृत्यों को ही बारदाना प्रभारी बना दिया जाता है। चूंकि लगभग सारे कर्मचारी उसी गांव के ही होते हैं, जिससे बारदाना प्रभारी बनने के बाद भृत्यों के द्वारा अपने घनिष्ठ संबंधों या लेनदेन करने वाले किसानों को गुपचुप तरीके से बारदाना उपलब्ध करा दिया जाता है।

#### यह है धान खरीदी की वास्तविक प्रक्रिया

किसानों को अपने बारदानों में धान भरकर लाना है। उपार्जन केंद्र पहुंचने पर बारदानों से धान को जमीन पर उड़ेलकर ढेरी लगानी है। कर्मचारियों द्वारा ढेरी के धान की जांच कर नमी का पता लगाया जाएगा, एवं धान की गुणवत्ता विशेषकर बदरा या मिट्टी की जांच की जाएगी। इसके बाद ढेरी वाले धान को अपने बारदानों में भरते हुए प्रत्येक का निर्धारित मात्रा में तौल किया जाएगा। इसके बाद सिलाई कर व्यवस्थित स्टैकिंग की जाएगी

#### दिए गए हैं निर्देश

धान खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्र के बाहर किसानों को बारदाना उपलब्ध नहीं कराने जैसे निर्देश अलग से नहीं दिए जाते। यह शासन के धान खरीदी के लिए जारी दिशा-निर्देश में पहले से ही उल्लेखित होता है। इसके बाद भी अगर किसी समिति के द्वारा ऐसा किया जा रहा है तो गलत है।

**-आशीष दुबे**, नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

---

महापौर ने कहा- अधूरे सपनों को पूरा कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें

# पं. चतुर्वेदी ने समाज में जगाया 'छत्तीसगढ़िया' स्वाभिमान : सुशांत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी की आठवीं पुण्यतिथि रायपुर रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि पं. चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व का अध्ययन करें तो उनके जीवन से यह बात निकल कर आती है कि उन्होंने जाति, वर्ग, संप्रदाय से अलग छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान को जगाया।

उन्होंने कहा कि पं चतुर्वेदी छत्तीसगढ़ी साहित्य की अमिट छाप और बिलासपुर की पहचान हैं। 'पुरखा के सुरता'कार्यक्रम के अंतर्गत कोनी में शीघ्र ही पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी के नाम पर साहित्य और सत्यदेव दुबे की स्मृति में कला केंद्र की स्थापना की जाएगी। विधायक शुक्ला ने संस्मरण बताया कि कुमार दिलीप सिंह जूदेव अपोलो से इलाज के बाद छत्तीसगढ़ भवन के कमरा नंबर 1 पर ठहरे, तब उन्हें पता चला कि चतुर्वेदी जी अस्वस्थ हैं। सुनकर वे चितले कालोनी के निवास पहुंच गए।



**छत्तीसगढ़ की पहचान बने चतुर्वेदी : महापौर-** महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पं चतुर्वेदी ने अपनी कर्म भूमि बिलासपुर और छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए बड़ा योगदान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और छत्तीसगढ़ी भाषा के क्षेत्र में उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान मध्यप्रदेश के समय से स्थापित की। उनकी चर्चित कविता 'बेटी के बिदा' काव्य संकलन 'पर्रा भर लाई'से उन्हें काफी शोहरत मिली। राज्य बनने के बाद उन्हें छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि पं चतुर्वेदी ने 'छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया' के नारे को चिरस्थाई करने, भाषा के प्रति स्वाभिमान जगाने भगीरथ कार्य किए।

#### छत्तीसगढ़ी को राजभाषा बनाना चतुर्वेदी का सपना

वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी ने कहा कि आज पं चतुर्वेदी की पुण्य तिथि पर उनका द्विय स्मरण करने के साथ ही उनके अधूरे कार्यों, सपने को पूरा करने, आगे बढ़ने के संकल्प का भी दिन है। उन्होंने कहा कि पं चतुर्वेदी ने पद्मश्री हासिल करते वक्त भी छत्तीसगढ़ी को केंद्र की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग राष्ट्रपति तक पहुंचाई थी। यह सिलसिला आगे बढ़े,इस दिशा में ठोस पहल होना चाहिए। भाजपा नगरीय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक किशोर राय ने कहा कि पं चतुर्वेदी ऐसे महामना थे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के हित को अपना परमहित मानकर सर्वस्व योगदान दिया। कार्यक्रम में रामनिहोर राजपूत ने छत्तीसगढ़ी वंदना प्रस्तुत किया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा.सोमनाथ यादव, वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित, अजय शर्मा, डा. राघवेंद्र कुमार दुबे, डा. बजरंगबली शर्मा, सनत तिवारी, डा.विवेक तिवारी, डा. सुषमा शर्मा, शीतल प्रसाद पाटनवार, रौशन सिंह, विजय यादव, सुरेश वाधवानी, विष्णुकुमार तिवारी, राजेंद्र तिवारी, शशिकांत चतुर्वेदी अंबिका चतुर्वेदी, सूर्यकांत चतुर्वेदी, ममता चतुर्वेदी, अंबर चतुर्वेदी, सोमी चतुर्वेदी, कर्ण चतुर्वेदी, विंदेश्वरी प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित थे।

---

### नए अध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने की नसीहत

**बिलासपुर।** संगठन सृजन अभियान के बाद नवनियुक्त कांग्रेस के शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्षों को कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा उन्हें सभी कांग्रेसजनों को साथ लेकर चलने की नसीहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दी गई है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष व जिला ग्रामीण अध्यक्ष संगठन सृजन अभियान अंतर्गत बदले गए हैं। प्रदेश में 41 जिला, शहर संगठन के अध्यक्ष नए बनाए गए हैं। इन सभी नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्षों को आज रायपुर बुलाया गया था। रायपुर के राजीव भवन में दोपहर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इन नवनियुक्त अध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे आदि प्रदेश स्तर के बड़े नेता भी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस नेताओं ने उन्हें संबोधित किया। कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों को संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिलासपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## सेनानी श्यामानंद वर्मा की 107वीं जयंती पर किया गया पुण्य स्मरण



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा माह के प्रथम रविवार को 10 मिनट सेनानियों के नाम कार्यक्रम के तहत महान क्रांतिकारी ध्वज वाहक स्व श्यमानंद वर्मा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि सबसे पहिले मै उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के महान व्यक्तित्व को नमन करता हूँ जिन्होंने भारत की आज़ादी की लड़ाई लड़ी उसी कड़ी में नगर के नवजवान योद्धा स्व श्यामानंद वर्मा ने मात्र 21 वर्ष की छात्र आयु में आज़ादी के लिये प्रयागराज में उन्हें दो बार कठोर कारावास की सजा मिली। उन्हें लोहे की ज़ंजीरो से बांध कठोर यातना दी गई उन्हें बिलासपुर गोड़पारा घर से भी गिरफ़्तार किया गया वे राष्ट्रभक्त सेनानी थे ज़िला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके योगदान की लम्बी चर्चा की उन्होंने हर एक उत्तराधिकारी से अपील की आगामी बैठक में पाँच पाँच परिवार ज़नो को जोड़े आज हर युवाओं को देश के अमर शहीद की गाथा,स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान का स्मरण कराने की ज़रूरत है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साहित्यकार सतीश जायसवाल,समाजसेवी आनन्द मिश्रा ने बतलाया की देश की आज़ादी में बिलासपुर के वीर सेनानियों की लम्बी सूची है। पुष्पलता वर्मा जी ने उनकी 107 वी जयंती पर उनके त्याग बलिदान का स्मरण उनके निवास गोंड़पारा में किया गया आगामी बैठक नव वर्ष 4 जनवरी 26 को वन्दे मातरम उद्यान में आयोजित होगी।

कार्यक्रम

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का इलाज दवाइयों का नि :शुल्क वितरण



**बिलासपुर।** गणेश नगर में दिव्य दिशा संस्थान ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें 300 से अधिक मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त में दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी दी गई। महापौर पूजा विधानी ने खुद अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर का शुभारंभ करते हुए महापौर ने कहा कि दिव्य दिशा संस्थान द्वारा एक पुनीत कार्य किया जा रहा है। एक कदम आगे बढ़कर हमको इसमें सहयोग करना चाहिए। गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। गणेश नगर की मितानिन बहनों ने घर-घर पहुंचकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पार्षद अब्दुल इब्राहिम ने बताया कि गणेश नगर में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है और शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों के माध्यम से यहां समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है। उन्होंने गिरीश त्रिवेदी एवं उनकी टीम की काम की सराहना की। शिविर में डॉ ओमकार राजपूत, डॉ रुक्मणी कुर्रे, डॉ श्रुति थवाईत, डॉ बालेंद्रु त्रिपाठी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ भूपेंद्र साहू, पैथोलॉजिस्ट अभय ताम्रकार का महापौर श्रीमती विधानी ने सम्मान किया। अंत में दिव्य दिशा संस्थान ने प्रदेश में होम्योपैथिक महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर महापौर पूजा विधानी को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम पत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन अखिल वर्मा व आभार प्रदर्शन गिरीश त्रिवेदी ने किया।

स्पोटर्स

## बिरला ओपन माइंड्स स्कूल में शतरंज स्पर्धा, वैभव रहे प्रथम



**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल मोपका में भव्य शतरंज प्रतियोगिता एरीना एनीमेशन ओपन चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल एवं बिलासपुर चेस वॉरियर्स द्वारा, एरीना एनीमेशन के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी एवं गेस्ट ऑफ ऑनर अनिल टाह ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ रेशु जैन, प्रिंसिपल सुतापा सरकार, टाइटल स्पॉन्सर एरीना एनीमेशन की ओर से संदीप गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति रही। विशेष सहयोग, आर्किपीडिया, इंटीरियर डिज़ाइन के चंदन गांगुली द्वारा प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में शहर एवं प्रदेश के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। जिसमें प्रथम स्थान वैभव नेमा, द्वितीय स्थान क्षितिज शर्मा, तथा तृतीय स्थान आशुतोष बनर्जी ने प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि, ट्रॉफियाँ एवं मेडल प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल भी दिए गए। टूर्नामेंट के प्रमुख प्रायोजक एवं सहयोगी, शिवा ट्रॉफीज, जॉर्ज होरो, देव आदित्य बनर्जी, डिस्ट्रिक्ट डेवलपर्स, सक्षम, अमर मार्बल, चेतन, लॉयल्टी लाइन, भावेश, कैरियर कैटेलिस्ट हब, गोपाल चौहान रहे। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक वेदांश तिवारी, विवेक एक्का, सूरज रिचार्य, शिवम सिंह ठाकुर रहे। शतरंज खिलाड़ी शिक्षिका पूर्णिमा तिवारी द्वारा टूर्नामेंट का संचालन किया गया।

# कलाकारों ने एक साथ बांस गीत पेश कर बनाया रिकॉर्ड



**श्रोता झूम उठे, छत्तीसगढ़ के इतिहास में रही पहली प्रस्तुति**

बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित बांस गीत गाथा समारोह में डेढ़ सौ से अधिक बांस गायक और वादक कलाकारों ने एक साथ बांस गीत, वादन और गाथा की प्रस्तुति देकर एक रिकॉर्ड बनाया। छत्तीसगढ़ के इतिहास में इस तरह की पहली बार प्रस्तुति दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में रविवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित यह कार्यक्रम रात तक चला। समारोह के मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में अद्भुत है। छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संस्कृति की संरक्षण, संवर्धन में बांस गीत समारोह मिल का पत्थर साबित होगा। ऐसे पुरातन लोक कला को मंच मिले और लगातार इसका आयोजन हो।

विशिष्ट अतिथि प्रख्यात समाजसेवी पद्मश्री फूलबासन यादव राजनांदगांव ने कहा कि वह गर्व महसूस कर रही है कि आज रिकॉर्ड बनाने वाले बांस कलाकारों के साथ उपस्थित है। अध्यक्षता कर रहे रामशरण यादव पूर्व महापौर ने बताया कि बांस गीत-गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दस वर्षो से अलग-अलग स्थानों पर लगातार आयोजन एवं गांव-गांव के बांस कलाकारों को मंच देकर उनका सम्मान किया जा रहा है। समारोह में बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर, बलौदा बाजार, कवर्धा, बेमेतरा, कोरबा, पेंड्रा, जांजगीर जिला के बांस गायक, वादक और सहयोगी कलाकार शामिल हुए। आभार प्रदर्शन महासचिव संतोष कुमार यादव ने किया।



### पुरातन लोक कला है बांस गीत

बांस गीत-गाथा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव ने कहा कि बांस गीत पुरातन लोक कला है जो सरकार और समाज का संरक्षण नहीं मिलने के कारण विलुप्ति के कगार पर है। बांस गीत ऐसी कला है जो भारत में अकेले छत्तीसगढ़ में गाए बजाए जाते हैं। यादव जातीय गौरव के रूप में विख्यात बांस गीत-गाथा में महाभारत से लेकर वीर लोरिक और वर्तमान परिस्थिति तक का प्रसंग को गीत के माध्यम से बांस गायक अपने सहयोगी कलाकार के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह अन्य लोक कलाओं को सरकारी कार्यक्रमों में मंच दिया जाता है, वैसे ही बांस गीत कलाकारों को भी मंच मिले।

### ऐतिहासिक प्रसंगों की प्रस्तुति

समारोह के प्रारंभ में वीर लोरिक पर केंद्रित प्रसंग को डेढ़ सौ से अधिक गीत और बांस वाद्य के कलाकारों द्वारा एक साथ प्रस्तुति दी गई। इसके बाद 40 दलों ने अपने टीम सदस्यों के साथ अलग-अलग ऐतिहासिक प्रसंगों की प्रस्तुति दी।



### इनका सम्मान

कार्यक्रम में सिरगिट्टी, मस्तूरी, तखतपुर, मंगला, सकरी, बेलतरा रावत नृत्य महोत्सव समिति, सिलपहरी, भरनी, परसदा, खमतराई, बहतराई, बसिया रावत नृत्य दल, समाजसेवी श्रीराम यादव मुंगेली का श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर उपाध्यक्ष नीरज यादव, पार्षद लक्ष्मी यादव, बिलासपुर जिला यादव समाज के अध्यक्ष शिवशंकर यादव, संजय, जितेंद्र, विजय, अमित, अनिल, नंदकिशोर, कमल, गुड्डू, श्रीराम, अशोक, भरत, महेश, हंसराम, जलेश्वर, घनश्याम, रामफल, गौरीशंकर, सतीश, डॉ मंतराम, रामगोपाल, भगवत, नत्थू, केशव, जगदीश, प्रकाश यादव, डॉ अजय पाठक, महेश श्रीवास, राघवेंद्रधर दीवान, डॉ जीडी पटेल, देवानंद दुबे, राजेंद्र मौर्य, आनंद प्रकाश, रामेश्वर गुप्ता, अश्वनी पाण्डेय मौजूद रहे।

# गायत्री महायज्ञ में कराए गए विभिन्न संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजकिशोर नगर में चल रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को पांच पालियों में यज्ञ संपन्न हुआ। लगभग एक हजार श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुतियां दी। विधि-विधान से विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए।



गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह की रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित यज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। तृतीय दिवस रविवार को सुबह प्रज्ञा योग ध्यान, सामूहिक जप, साधना, गायत्री महायज्ञ के साथ ही विभिन्न संस्कार कराए गए। इसमें विद्यारम्भ 18, पुंसवन 8, अन्नप्राशन 3, मुंडन 3, दीक्षा संस्कार 7 शामिल रहे। अंतिम दिवस सोमवार 8 दिसंबर को प्रातः 9 से 12:30 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होगा। इसका लाभ आने वाले श्रद्धालु ले सकेंगे। विद्यारंभ संस्कार में शिक्षा और विद्या की महत्ता बताते हुए विद्या और संस्कार को महत्व देकर बच्चों को संस्कारित करने के लिए कहा गया। अन्नप्राशन संस्कार में जैसा खाये अन्न, वैसा बने मन को वैज्ञानिक पद्धति से विस्तार से बताया गया। दीक्षा संस्कार के अंतर्गत जीवन में सदगुरु की अनिवार्य आवश्यकता पर बल दिया गया। यज्ञ के बीच-बीच में पेश युग संगीत-शिव भोले हितकारी, लाज राखो हमारी.., हर मुख से निकले मंत्र, हर घर यज्ञ रचाए..की प्रस्तुति ने माहौल को आध्यात्ममय बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह, प्रज्ञापीठ रेल्वे, सरकंडा प्रज्ञापीठ, चांटीडीह प्रज्ञापीठ के कार्यकर्ताओं का सहयोग मिल रहा है।

### दीपक से जगमगाया यज्ञ स्थल

शाम को युग संगीत की धुन के बीच दिव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें दीपक से ऊं, स्वास्तिक बनाया गया था। वहीं प्रतिभागी श्रद्धालु अपने घर से 5-5 दीपक लेकर आए। आयोजकों की ओर से भी कई दीपक प्रज्जवलित किए गए। दीपक की रौशनी से पूरा यज्ञ स्थल जगमगा उठा।



### संकीर्णता से निकलें बाहर

यज्ञ का संचालन कर रहे टोली नायक प्रमोद बागचे ने कहा कि सभी लोग संकीर्णता से बाहर निकले। यह भाव रखें कि राष्ट्र समृद्ध होगा तो हम भी समृद्ध हो जाएंगे। बड़े संकल्प के साथ काम करने से भगवान भी ऐसी व्यवस्था बनाते हैं। छोटे से बड़ेपन की ओर बढ़ाने गुरुदेव हमें उस दिशा में ले जा रहे हैं। इस मूल भाव को समझना होगा। उन्होंने कहा कि पूरा जीवन यज्ञ भाव से जीना है। अनीति, अन्याय से लड़ने की क्षमता विकसित करने होंगे।

# स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लिया लाभ




**बिलासपुर।** नगर के अग्रणी समाजसेवी संगठन पंजाबी संस्था और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था का संयुक्त आयोजन निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर रविवार को पंजाबी भवन ईमलीपारा में संपन्न हुआ। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं जैसे ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, आंखों की जांच, वात रोग, ह्रदय रोग, स्त्री रोग तथा आंखों की जांच और डॉक्टरों के परामर्श का निशुल्क लाभ उठाया ।

शिविर पंजाबी संस्था के 28 दिसंबर को 59वें स्थापना वर्ष के पूर्व स्वास्थ्य-सबके लिए योजना के तहत आयोजित किया गया था। पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि और पंजाबी हिन्दू महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ ने कहा कि इस वर्ष संस्था का स्थापना माह महोत्सव मनाया जा रहा है। पूरे माह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, आंख और दांतों की जांच जैसी सुविधाएं मुक्त दी गई। शिविर के दौरान अलग-अलग विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित इलाज का परामर्श दिया । शिविर में लोगों को मधुमेह और रक्तचाप जैसी बीमारियों के उचित प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया गया।

### पंजाबी संस्था का स्थापना वर्ष




शिविर में प्रमुख रूप से ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश सहगल, वात रोग विशेषज्ञ डॉ अमित दुआ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश जुनेजा व डॉ सोनल जुनेजा, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर ठकराल और डॉ प्राची ठकराल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुश्री तथा नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित ठकराल तथा उनकी टीम मौजूद थीं। शिविर के बाद संस्था के पदाधिकारियों ने सभी चिकित्सकों का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

कार्नर न्यूज

# आसान प्रश्नों से परीक्षार्थियों के चेहरे खिले, 10 हजार अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापम ने रविवार को जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों पर भर्ती की परीक्षा जिले के 126 केन्द्रों में आयोजित की गई है। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 38 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन दिए जिसमें 27 हजार 861 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 10 हजार 192 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें।

- व्यापम ने 126 केन्द्रों में आमीन पटवारी की ली परीक्षा

परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र बेहद आसान था, कम तैयारी होने से भी पेपर अच्छे से हल हो गया। दो घंटे की इस परीक्षा में सौ अंकों का पेपर हुआ,इसमें वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे गए इसमें चार गलत होने पर 1 अंक नंबर भी कटेगा। बतादें की व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 11.30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग हुई, परीक्षा 12 बजे शुरू हो गई थी। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया।





### 50 पदों के लिए लाखों ने दी परीक्षा

आमीन पटवारी के रिक्त 50 पदों के लिए व्यापम ने परीक्षा ली है, इस परीक्षा के लिए लाखों अभ्यर्थीयों ने प्रदेश भर में परीक्षा दी है। परीक्षार्थी रितेश शुक्ला ने बताया कि मैरिट के आधार पर इसमें चयन होगा, प्रश्नपत्र आसान होने और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी होने से इसमें कटऑफ बहुत अधिक जा सकता है।

### गहरे रंग के कपड़े को निकलवाया गया

जिन परीक्षार्थियों ने गहरे रंग के कपड़े पहनकर आ गए थे, केन्द्र के बाहर ही उन्हें निकलवा दिया गया जिससे बड़ी संख्या में कपड़े रखे थे। हल्के रंग के कपड़े और साधारण स्वेटर बिना पॉकेट के पहने अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। फुल स्लीव शर्ट, जैकेट, गहरे रंग के कपड़े, मोटे तलवे वाले जूते, हाई हील, बड़े बटन युक्त कपड़े व काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित था। परीक्षा केंद्र में चप्पल ही पहनकर प्रवेश था,कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, नथ, झुमके आदि पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

### कम्प्युटर व सामान्य ज्ञान के प्रश्न रहे सरल

परीक्षार्थी अमितेष साहू ने बताया कि प्रश्नपत्र में कम्पयुटर,सामान्य ज्ञान,गणित,रिजनिंग और हिन्दी विषय के प्रश्न पूछे गए। जिसमें एंटीवायरस का कम्पयुटर में प्रयोग, डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर का उपयोग जैसे प्रश्न पूछे गए। इसी तरह अलि के अनेकार्थी शब्द, रिजर्व बैंक का मुख्यालय कहां है। भारत में नियोजन के उद्धरदेश्य व 2007 का पुरूष एशिया कप हॉकी खिताब किसने जीता जैसे प्रश्न पूछे गए।

### कई केन्द्रों में रही अव्यवस्था

परीक्षार्थियों ने बताया कि हेमूनगर व दूरस्थ क्षेत्रों के सेंटरों में बहुत अव्यवस्था थी। जिस वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा, इसी तरह कल्चुरी केन्द्र के अभ्यर्थी ने बताया कि केन्द्र में मात्र एक वाशरूम था, और उत्तरपुस्तिका जमा करने के बाद भी जाने की अनुमति तक नहीं दी गई।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा

## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

## हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।

आमिर ने हंसते हुए कहा कि वह खुद को बेहद खुशनसीब मानते हैं कि उन्हें रीना और किरण जैसी समझदार और मजबूत महिलाएं मिलीं और अब गौरी जैसे साथी ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी है। उन्होंने भावुक होकर कहा- 'मेरी शादी भले ही सफल न रही हो, लेकिन मैं खुश हूं कि मुझे ये तीन अद्भुत महिलाएं मिलीं, जिन्होंने मुझे एक इंसान के रूप में बहुत कुछ सिखाया।'

# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



## बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

## मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

**नई दिल्ली।** रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है।

हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुई थीं। 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था।

## अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।

## धरमवीर भी हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।


## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्री अनिल कुमार साहू पिता भरत लाल साहू उम्र 45 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम किरना, तहसील किरना, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं नंदनी साहू पति अनिल कुमार साहू उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम किरना तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा श्रीमती सुषमा केशरवानी पति श्री रघुवर दास केशरवानी उम्र 41 वर्ष जाति बनिया (सामान्य) निवासी ग्राम करही बाजार, तहसील भाठापारा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम हथनी प.ह.न. 11/40 रा.नि.म. भाठापारा, नगर पालिका परिषद भाठापारा के मोहल्ला दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड, तहसील भाठापारा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा न. 15002/31 रकबा 0.0322 हेक्टेयर भूमि में से 961 वर्गफुट आवासीय भूखण्ड भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी हैं।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी, अतः सूचना जानें।

भवदीय
रोहित कुमार, अधिवक्ता
पता :- तहसील कार्यालय पथरिया,
जिला मुंगेली (छ.ग.) मो. 9754471588

## न्यायालय आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

प्रकरण क्रमांक 20250990100005/अ-6/2024-25 मौजा - बोईरपारा तहसील-लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
सोहागाई वगैरह ग्राम खटोलिया पोस्ट जूनापारा, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.).....अपीलार्थी
बनाम
कुंजबिहारी ग्राम बाईरपारा तहसील लालपुर जिला-मुंगेली (छ.ग.) ...उत्तरवादी

प्रति, कुंजबिहारी, पिता रतनलाल कश्यप निवासी ग्राम-बोईरपारा तहसील लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 20250990100005/अ-6/2024-25 मौजा-बोईरपारा तहसील-लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.) पक्षकार कुंजबिहारी बनाम सोहगा बाई जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी के प्रकरण कमांक 202207250400030/अ-6/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 12/9/2025 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आप उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 22/12/2025 नियत है।

अतः उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 22/12/2025 को सुबह 11:00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यदि किसी कारण से पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुद्रा से जारी किया गया।
सील
आयुक्त
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

## न्यायालय आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस**

प्रकरण क्रमांक 202207250400031/9901/एपीएल/अ-6/2024-25 मौजा- सुरेठा तहसील-लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
सोहागाई वगैरहग्राम खटोलिया पोस्ट जूनापारा, तहसील तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)... अपीलार्थी
बनाम
कुंजबिहारी ग्राम बाईरपारा तहसील लालपुर जिला-मुंगेली (छ.ग.)...उत्तरवादी

प्रति,
कुंजबिहारी, पिता रतनलाल कश्यप निवासी ग्राम बोईरपारा तहसील लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202207250400031/9901/एपीएल/अ-6/2024-25 मौजा-सुरेठा तहसील-लालपुर, जिला-मुंगेली (छ.ग.) पक्षकार कुंजबिहारी बनाम सोहगा बाई जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी के प्रकरण कमांक 202207250400031/अ-6/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 12/9/2025 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आप उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 22/12/2025 नियत है।

अतः उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 22/12/2025 को सुबह 11:00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यदि किसी कारण से पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सीलमुद्रा से जारी किया गया।
सील
आयुक्त
बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं रोहित कुमार गोंड पिता श्री जय बुढादेव, निवासी वार्ड नं 12, सिरगिट्टी बन्नाक गोडपारा, सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग). का हूँ। सर्वसाधारण सूचित करती हूँ कि मेरी पुत्री नंदिनी गोंड के आधार कार्ड में नाम नंदनी (Nanandani) एवं उपनाम (Surname) नहीं लिखा है जो कि गलत है। जबकि मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं जन्म प्रमाण पत्र में नंदिनी गोंड (Nandini Gond) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है, मैंने अपनी पुत्री के आधार कार्ड में पुराना नाम परिवर्तित कर नया वास्तविक नाम रख लिया है।

अतः अब से मेरी पुत्री नंदिनी गोंड (Nandini Gond) आत्मज श्री रोहित कुमार गोंड और माता श्रीमती सीमा बाई गोंड के नाम से जाना, पहचाना जावे और उसके समस्त शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम दर्ज कराने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूँ।

रोहित कुमार गोंड
सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### गौ सेवा के लिए विहिप ने बढ़ाए हाथ



**लोरमी।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के दायित्ववान पदाधिकारियों ने गौ सेवकों को आर्थिक मदद दी। मयंक राजपूत, निखिल दुबे एवं अन्य साथी क्षेत्र में निरंतर बीमार गौ माता की सेवा में लगे हुए हैं। अस्वस्थ गौमाता के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की जरूरत पड़ने पर विहिप लोरमी के पदाधिकारियों ने 5 हजार 100 रुपए की आर्थिक मदद की। इस कार्य में लोकेंद्र सिंह, जयजय राम राजपूत, कीर्ति वैष्णव, नरेंद्र राठौर, देवेंद्र पांडेय का सहयोग रहा।

### रेल हादसे में राहत कार्य करने वाले युवाओं का सम्मान



**मल्हार।** विगत दिनों हुए रेल हादसे में घायल लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने वाले युवाओं को ग्राम विद्याडीह में सतनाम बाड़ा एवं गवर्मेंट एम्प्लाइज वेलफेयर सोसायटी की ओर से रविवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे बतौर अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। संकट की घड़ी में जो मदद के लिए आगे आते हैं, वही समाज के जागरूक प्रहरी कहलाते हैं। कार्यक्रम में प्रत्येक रविवार समाज में सामाजिक जागृति के लिए आयोजित होने वाली संगोष्ठियों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर बसंत जांगड़े, चौवन दास गेंदले, दिलहरन गुलेरी, अनिल जांगड़े, जीवन घृत लहरें के साथ सतनाम बाड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### महिला जागृति के लिए सप्तशक्ति संगम का आयोजन




**तखतपुर।** महिला जागृति को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर तखतपुर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, समाज में सनातन काल से ही महिलाओं का स्थान अग्रणी रहा है। उनकी उपस्थिति के बिना अनुष्ठान पूरा नहीं होता था, उसी तरह आज भी हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि, पहले लोगों का यह मानना था कि, महिलाएं केवल घरेलू कार्य ही कर सकती हैं। लेकिन आज महिलाओं ने अपनी काबिलियत और क्षमता से इस सोच को बदल दिया है। इस अवसर पर जिपं सभापति अम्बिका साहू,नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़, वंदना ठाकुर, नूरिता कौशिक, जपं सदस्य जया साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बेलपान में विस स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता



**तखतपुर।** विधानसभा स्तरीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदा धाम बेलपान में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विजयपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता सुरज रजक ने की। दिनेश साहू ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों को सामाजिक पहचान और सम्मान पर्याप्त रूप से मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद सदस्य राजू सिंह, सरपंच कुंजबिहारी, पूर्व सरपंच उतरा कश्यप, सरपंच संतोष कौशिक, पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र कश्यप, रामनाथ निर्मलकर, सरपंच चिंताराम ध्रुव, कबड्डी संघ अध्यक्ष हरप्रसाद ध्रुव, भवन सिंह, आशीष त्रिपाठी, कारण यादव, राकेश, रिंकु, रूपक, भीखम सिंह मौजूद रहे।

### नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, दो युवक गिरफ्तार



**लालपुर।** ग्राम देवरहट के मनचले युवकों ने स्कूल से वापस आ रही नाबालिक बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ तक दी। घटना के समय आसपास मौजूद ग्रामीणों ने दो मनचले युवकों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर ग्राम हरनाचाका पहुंची एवं युवकों को गिरफ्त में लिया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम सूरज पटेल व सम्मत पटेल निवासी देवरहट बताया। देखते ही देखते आसपास ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई एवं मनचले पर टूट पड़ी। भीड़ को अनियंत्रित होता देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। भीड़ से बचाकर युवकों को थाना लाया गया, जहां दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। मामले में धारा 126 (2), 74, 351 (2), 3 (5) बीएनएस एवं 7, 8 पास्को एक्ट के तहत आरोपी सम्मत पटेल पिता रामफल पटले उम्र 20 वर्ष एवं सूरज पटले पिता चमरू पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी देवरहट थाना लालपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्वच्छता दीदियों ने भी साक्षरता की ओर बढ़ाया कदम

# असाक्षरता से मुक्त होने 3567 महिला-पुरुषों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत पूरे देश भर में असाक्षरों को साक्षर बनाने बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के तहत विकासखंड के 140 परीक्षा कंद्रों में परीक्षा आयोजित हई, जिसमें 3 हजार 567 परीक्षार्थी शामिल हुए।

सहायक संचालक बिलासपुर एसके पाटिल ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए परीक्षार्थियों एवं केंद्राध्यक्ष से चर्चा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि, असाक्षरता एक अभिशाप है, जिससे मुक्ति दिलाने जनजगरुकता की आवश्यकता है। शिक्षित समाज बनाना हम सब की जिम्मेदारी है, जो किसी कारण शिक्षा से वंचित हो गए हैं, उन्हें नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से जोड़ना और साक्षर बनाना एक पुनीत कार्य है। इस मौके पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहीरे, बीईओ पी मंडलोई, सहायक शिक्षा अधिकारी रविपाल राठौर ने मौजूद रहे। परीक्षा की जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रभारी यतेन्द्र भास्कर ने बताया कि, विखं में 4 हजार 585 परीक्षार्थियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य था, जिसके लिए 140 परीक्षा केंद्र 280 केंद्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक बनाए गए थे। निरीक्षण के दौरान पथरिया संकुल समन्वयक मोहित खांडे, गजानन सिंगरौल, रामाधार करमाकर, शशि भास्कर, प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर, गीतादेवी गुप्ता, जसविंदर कौर, नीलम यादव, श्रद्धा साहू, खेमलता राजपूत उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से मिलेगी अंकसूची

रविवार को आयोजित परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों में जो परीक्षा उत्तीर्ण होंगे उनको राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान से साक्षरता अंकसूची प्रदान की जाएगी। परीक्षा में लिखना पढ़ना, और संख्यात्मक ज्ञान प्रमुख रहा जो सौ-सौ अंकों का रहा।

### स्वच्छता दीदियों ने दी परीक्षा

नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान की रीढ़ कहे जाने वाली स्वछता दीदियों ने असाक्षरता के अभिशाप से मुक्त होने परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि, अस्वच्छता और असाक्षरता दोनों ही मानव जीवन के विकास में रुकावट है। इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में परीक्षा देने आई स्वच्छता दीदियों ने इसे स्वच्छता से साक्षरता की ओर एक कदम बताया। उनके स्वमसेवी शिक्षक रवि चेलकर रहे, जिन्होंने स्वछताकर्मियों को साक्षर बनने प्रेरित किया।



श्रद्धांजलि देते शाला स्टाफ एवं अतिथिगण।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि

**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम अतिथि अभिभावक प्रदीप बर्मन एवं नरेन्द्र सोनवानी द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद सभी बच्चों ने कतारबद्ध होकर पुष्प अर्पित किया। ईश वंदना के बाद आराध्या एवं अनुष्का ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। कक्षा छठवीं की छात्र आराध्या आहिरे ने बाबा साहब के संदेश से संबंधित गीत प्रस्तुत की। इस मौके पर अभिभावक प्रदीप बर्मन ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दो मिनट मौन रख कर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## आधुनिक भारत के निर्माण में डा. अंबेडकर की भूमिका अग्रणी



बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते लोग।

**लोरमी।** ग्राम पंचायत जोतपुर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

मुख्य अतिथि विधायक पामगढ़ दूजराम बौद्ध पूर्व ने कहा कि, महापरिनिर्वाण दिवस डॉ बीआर अंबेडकर की परिवर्तनकारी विरासत के लिए श्रद्धांजलि के रूप में बहुत मायने रखता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं शैलेश कुर्रेने कहा कि, राष्ट्र निर्माता के रूप में आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ बीआर अंबेडकर का योगदान भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के रूप में उनकी भूमिका से कहीं आगे है। कार्यक्रम को त्रिलोक कोशले, अजीत घृतलहरे, भुवनेश्वर रावल, हेमंत खांडेकर, अश्वाराम अनंत, राजेंद्र सोनकर, विजय कामले, गिरवर कोशले पूर्व सरपंच, धरम कोशले पूर्व उपसरपंच, संतोष यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत कोशले एवं आभार प्रदर्शन रविन्द्र कुर्रे ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गया प्रसाद कोशले, राजकुमार पाटले पूर्व सरपंच, झुमका कुर्रे, मंगल टंडन, रोहित कामले, जैजैराम कोशले, रामेश्वर साहू, धन्नू बांधे, ललित लहरिया, कोमल कुर्रे, अर्जुन, राजेंद्र कुर्रे, अजय खांडेकर, मालिक खांडेकर, सालिक, धन्नू चतुर्वेदी, रमेश अनंत, बजारू कुर्रे, हरि बंजारा, हरि खांडेकर, सुरेश कुर्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल प्रतियोगिता 15 से

**सीपत।** सीपत के श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर चमेटा तालाब स्थित मैदान में रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर से होने जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं में उत्साह चरम पर है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी उपस्थित रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मनीषा योगेश वंशकार करेंगी।

## केकराडीह में रासेयो शिविर चला जागरूकता अभियान




**बेलगहना।** आत्मानंद मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर की रासेयो इकाई का ग्राम केकराडीह में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। रासेयो कार्यक्रम में प्रत्येक दिन होने वाली बौद्धिक परिचर्चा में गांव की सरपंच मुन्नी बाई मिंज, उप सरपंच शिवरानी पटेल, पंच संगीता श्याम, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अजय डहरिया, शिक्षक बलराम रजक, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक आरएल चंद्रा, शिक्षक नारायण सिंह नायक, बीएलओ सुनीता श्याम, शाला समिति सदस्य चौसल प्रसाद यादव, हाई स्कूल के व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में नागरिक प्रतिदिन शामिल हुए। अलग-अलग दिवस के विशिष्ट अतिथियों में शरणजीत बग्गा प्राचार्य सेजस कन्या रतनपुर, एनके कौशिक प्राचार्य सेजेस बेलगहना, अजय डहरिया प्रधान पाठक शास पूमा शाला, मनीराम उइके संकुल समन्वयक केकराडीह, आरएल चंद्रा प्रधानपाठक प्राइमरी स्कूल केकराडीह, सुनीता श्याम बीएलओ, नारायण सिंह नायक शिक्षक, बलराम रजक शिक्षक, सौरभ सिंह शिक्षक, ऋग्वेंद्र सिन्हा शिक्षक आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में अटल बिहारी विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने शिविर के उत्तम संचालन के लिये कार्यक्रम अधिकारी अरविंद पाण्डेय एवं समस्त सेवकोसेवकों की प्रशंसा की।




## नवोदय विद्यालय में मेगा मॉक टेस्ट, 186 हुए शामिल

**बिल्हा।** निशुल्क कोचिंग 'शिक्षा एक सेवा' टीम बिल्हा के तत्वावधान में दूसरी बार विकासखंड स्तरीय निशुल्क नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत संकुल स्तर पर पांच मॉक टेस्ट आयोजित किए गए, जिसका फाइनल मॉक टेस्ट 6 दिसम्बर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या हिंदी माध्यम विद्यालय बिल्हा में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया।

फाइनल मॉक टेस्ट में विकासखंड के चयनित 186 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें बिल्हा ब्लॉक के 38 संकुल से चयनित टॉप 5 बच्चे शामिल थे। इस मेगा टेस्ट में मुख्य अभ्यागत डॉ रामकुमार कौशिक जपं अध्यक्ष, वंदना जेन्ड्रे बिल्हा नपा अध्यक्ष, भूपेंद्र कौशिक बीईओ, सुनीता ध्रुव सहायक बीईओ, देवी प्रसाद चंद्राकर बीआरसी, डॉ आरसी अग्रवाल पूर्व प्राध्यापक, सुकृता रात्रे पार्षद, बंशी लाल रात्रे पार्षद सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सीएसी केशव वर्मा, कलेश्वर साहू, राजेश यादव थे। इस मौके पर डॉ रामकुमार कौशिक ने बच्चों को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया और पढ़ाई के महत्व पर जोर दिया। छात्रों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें नवोदय विद्यालय की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य सीपी ठाकुर, बर्तीला बड़ा, शशि मांझी, डी एन यादव, अजय साहू, योगेंद्र गौरहा, साधराम मरकाम, योगेश पाण्डेय, पुनीराम साहू, सूर्यकांत कौशिक, निशा अवस्थी, तृप्ति यादव, निधि सिंह, ममता कोरी व अन्य सभी सीएसी, शिक्षकों व पालकों का प्रमुख योगदान रहा। मॉक टेस्ट के केंद्राध्यक्ष साधराम मरकाम व परीक्षा नियंत्रक केशव वर्मा रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजन हेतु सहयोग राशि प्रदान करने वाले शिक्षक, पालक एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

## एसआईआर से संबंधित बारीकियों को समझना है: जांगिड़

**तखतपुर।** एसआईआर को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कांग्रेस कार्यालय में नगर के सभी बीएलओ की बैठक ली।

- कांग्रेस सह प्रभारी जांगिड़ ने ली बीएलओ की बैठक

विजय जांगिड़ ने कहा कि, एसआईआर से संबंधित बारीकियों को समझना है। जब मतदाता सूची बनकर आ जाए तो भी देखना है कि, किसका नाम जुड़ा और किसका नाम कटा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, जमीन पर उतरकर संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने सभी से एसआईआर को गंभीरता से लेने की अपील की। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि, पहले से ही एसआईआर को लेकर संगठन सक्रिय है, आगे भी लगातार सक्रिय रहकर काम करना है। कांग्रेस नेता आशीष सिंह ने कहा कि, नगर में लगभग 5 हजार लोगों का ऑनलाइन फॉर्म जमा नहीं हुआ है। । कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस सचिव आतजीत सिंह मक्कड़ ने किया। कार्यक्रम में जितेंद्र पाण्डेय, सुधीर सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह, आत्मजीत सिंह मक्कड़, बिहारी देवांगन, मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, शिव बालक कौशिक, शिवेंद्र कौशिक, प्रियांशु डहरिया, अनिल कौशिक, गौरव दुबे, पार्षद सुनील जांगड़े, चंद्र प्रकाश देवांगन, संजू मिश्रा, उमेश राजपूत, जितेंद्र राज, सुनीता बंजारे, करीम कुरैशी, अजमत हुसैन, अजय ध्रुव, मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।




बीएलओ की बैठक लेते कांग्रेस नेता।

## मन्नादाई मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन

**सीपत।** बिलासपुर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोंठी स्थित पर्वत वासिनी बगलामुखी मां मन्नादाई का विख्यात मंदिर श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केन्द्र है। इसी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंदिर परिसर में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

ज्ञात हो कि, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के सोंठी प्रवास के दौरान मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त स्वीकृति के तहत रविवार 7 दिसंबर को सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर जायसवाल एवं ग्राम सरपंच नीमा वस्त्रकार की उपस्थिति में विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। सरपंच नीमा वस्त्रकार ने तोखन साहू का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, यह सांस्कृतिक मंच हमारे गांव के लिए केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का माध्यम है। बंगलामुखी मां मन्नादाई सेवा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर जायसवाल ने कहा कि सांस्कृतिक मंच बनने से मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में पंच रामकुमारी, बुधराम केवट, सीडी महंत, रामकुमार कश्यप, ग्राम के वरिष्ठ हीरालाल पटेल, कृष्ण कुमार दुबे, संतोष कुमार ठाकुर, रामेश्वर सिदार, पुजारी प्रमोद महाराज, बैगा किशन मरकाम, मंदिर समिति के उपाध्यक्ष भीम प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र तिवारी, सचिव राजकिशोर ठाकुर सहित शिव सिंह नेटी, लक्ष्मी जायसवाल, राजेंद्र ठाकुर, पंकज कश्यप, गोपी वस्त्रकार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मां बगलामुखी के जयघोष एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



## आपसी सहयोग से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव

**सेतगंगा-मुंगेली।** जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, सिध्देश्वरी महामाया मंदिर एवं गुरू घासीदास मंदिर परिसर में सा मा जि क सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सर्व समाज और सर्वधर्म में भाईचारा और शांति बनाए रखने का संदेश देना था।

- सर्वधर्म में भाईचारा बनाए रखने सामाजिक सम्मेलन का आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक गिरी महाराज रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महंत गया प्रसाद व्यास भगवताचार्य, महंत राधेश्याम दास, राजकुमार कश्यप, सामाजिक सद्भाव प्रेरक, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, डॉ सुरेश केशरवानी, मानिकलाल सोनवानी, पवन पांडे, आकाश परिहार, लालाराम साहू, सुखचंद भास्कर, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ रामजी शर्मा, कमललोचन टोंडर, नेमसिंह बारमते, हजारी प्रसाद, ध्वजाराम यादव विराजमान रहे। इस मौके पर साहू समाज की युवतियों ने पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। यादव समाज के नन्हें बालकों ने राउत नाच और सतनामी समाज की टीम ने पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया। विवेकगिरी भगवताचार्य गया प्रसाद ने आध्यात्मिक और धार्मिक मूलों के माध्यम में सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक बारमते ने भारत की एकता और अखंडता के लिए सामाजिक सौहार्द को अत्यंत आवश्यक बताया। आकाश परिहार ने अखंडता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की बात कही। डॉ सुरेश केशरवानी ने कहा कि, इस त्रिवेणी संगम की पावन धरा में सामाजिक सद्भाव का आयोजन एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया गया है। सुखचंद भास्कर ने सामाजिक सद्भाव का अर्थ समझाते हुए एक दूसरे को सहयोग करने की अपील की। मानिकलाल सोनवानी ने कहा कि, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाज के सभी वर्ग और धर्मो के बीच प्रेम, भाईचारा और शांति बनाए रखने का संदेश देना था। मंच का संचालन कवि देवेन्द्र सिंह परिहार और आभार मनोज यादव ने किया। इस अवसर पर नरेन्द्र जायसवाल, मनोहर यादव, नीरज केशरवानी, रोहित सागर, कुलेश्वर बारमते, अखिल टोंडर, सुखचंद साहू, नेमसिंह बोगी बारमते, सनत देवांगन, रायसिंह गबेल, भागीरथी सिंह, डिलेश्वर गबेंल, चंद्रकुमार यादव, गोविंद साहू, रमाकांत सोनी, आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम में उपस्थित सर्व समाज के प्रतिनिधि।

## तेज आवाज डीजे पर पुलिस सख्त, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**मुंगेली।** विद्यार्थियों की परीक्षाएं और बुजुर्गों का स्वास्थ्य देखते हुए पुलिस ने आयोजकों, डीजे संचालकों और मैरिज हॉल मालिकों से कार्यक्रमों में डीजे की ध्वनि पर नियंत्रण और समय-सीमा निर्धारित करने अपील की है। साथ ही उल्लंघन करने वाले डीजे मालिक ऑपरेटर के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करने की बात कही है।

- परीक्षाएं व स्वास्थ्य को देखते हुए नियंत्रित ध्वनि की अपील

अत्यधिक ध्वनि के मुख्य दुष्प्रभाव- विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं, जिस कारण उनकी पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही बुजुर्गों एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को ध्वनि से अत्यंत परेशानी होती है। सामाजिक असुविधा सड़क पर चल रहे लोगों और आसपास के निवासियों के लिए असुविधा उत्पन्न होती है। मुंगेली पुलिस आम नागरिकों से जन सहयोग की अपील की है। यदि आपके क्षेत्र में अनियंत्रित या अत्यधिक ध्वनि वाला डीजे उपयोग किया जा रहा है, तो आप फोटो और लोकेशन सहित निम्नलिखित नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दें। आपकी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी, और आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फिनाइल पीने से महिला सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** सिरदर्द ने परेशान होकर एक महिला ने फिनाइल पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, चिंगराजपारा दुर्गा मंदिर के पीछे रहने वाली गीता साहू पति सूरज साहू 20 साल पिछले कुछ दिनों से सिरदर्द से परेशान थीं। उन्होंने मेडिकल दुकान से दवा खरीदकर खा लिया। दर्द खत्म नहीं होने पर उन्होने रविवार की सुबह घर में फिनाइल पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### नाबालिग ने अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फोटो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग की जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी राजवीर दास मानिकपुरी से जान पहचान थी। पूर्व में युवक नाबालिग के घर आया और छेड़खानी करते हुए अश्लील फोटो मोबाइल में खींच लिया। उसके बाद वह नाबालिग को फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर सिरगिट्टी अपने परिचित के घर लेकर गया और जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद धमकी देकर दबाव बना रहा था। पुलिस ने नाबालिग की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 4, 6, 351, 2, 64, 2 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, तीन गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में बीच चौक में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, रविवार को सोशल मीडिया में नूतन चौक में युवकों के बीच मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए मारपीट करने वाले युवकों की पहचान करने के बाद विकास साहू पिता मंतराम साहू 32 साल नूतन चौक, उसके भाई अजय कुमार साहू, शमसाद खान पिता मोहम्मद रमजान 32 साल स्टेट बैंक के सामने सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया है। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाट ठेले को टक्कर मारी, मारा चाकू

**बिलासपुर।** चाट ठेले को टक्कर मारने के बाद आटो चालक ने मैं यहां का दादा हूं कहकर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर



ठेलेवाले पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, रेलवे स्कूल गेट के पास मन्नू सिंह पिता भोला सिंह चाट गुपचुप का ठेला लगाते है। 6 दिसंबर को रात 9.45 बजे वे दुकान चला रहे थे। उसी समय शनि नामक युवक ने अपने आटो को रोड से किनारे पीछे करते हुए ठेले को टक्कर मार दी। उन्होंने देखकर आटो पीछे करने की बात कही तो चालक शनि मैं यहां का दादा हूं कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके बांए हाथ के पंजे में चोट लगी है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल ठेलावाले को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मन्नू सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर सामंत व शनि के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**बीपीएल कार्डधारियों के खातों में ट्रांजेक्शन इसलिए किए गए निरस्त** | एपीएल की श्रेणी में आने वाले इन लोगों ने आय की गलत जानकारी विभाग को दी

# 10 हजार बैंक खातों में हर साल 6 लाख से अधिक का लेनदेन, किराए पर देकर अवैध ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य विभाग ने प्रदेश के 62 लाख का 417 राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं, क्योंकि यह बीपीएल की श्रेणी में नहीं आते थे। दरअसल बैंकों ने जब म्यूल खातों की जांच डोर टू डोर जाकर की तो इसकी पूरी जानकारी हाथ लगी।

इन बीपीएल कार्डधारियों के खातों में प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक लेनदेन पाया गया। इसके तार भी ऑनलाइन प्लेटफार्म से जुड़े पाए गए। बैंकों के मुताबिक कार्ड धारकों ने पहले बैंक खाते को किराए पर दिया, हर साल इसमें अवैध ट्रांजेक्शन और कमाई होती रही। सूची से नाम कटने पर इन लोगों द्वारा थाने व खाद्य विभाग में आवेदन दिए जा रहे हैं जिससे गड़बड़ी खुलकर सामने आ रही है। बिलासपुर, रायपुर सहित प्रदेश में बड़े पैमाने पर राशन कार्डधारकों को पैसे के संदिग्ध





लेनदेन और म्यूल खातों के लिए उपयोग किया गया है। इन खातों को उपयोग आनलाइन गेम और दूसरे लेनदेन के लिए किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर में 856, रायपुर में 2102, दुर्ग 2310, सरगुजा 309, बस्तर 196 बैंक खातों में लाखों रुपए के संदिग्ध लेनदेन सामने आए हैं। प्रदेशभर में इसकी कुल संख्या 9422 से अधिक होने की संभावना है।

### वास्तविक आय से मेल नहीं खा रहे एकाउंट

कुछ कार्डधारकों ने बैंक खाते किराए पर देकर अवैध कमाई भी की थी। अब राशनकार्ड से नाम कटने के बाद से पछता रहे हैं। कई लाभार्थियों के ई-केवाईसी और बैंक विवरण उनकी वास्तविक आय से मेल नहीं खा रहे हैं। गरीबी रेखा के मानक से इन कार्डधारकों की आय अधिक है। ये पैसे इनके थे ही नहीं, इन्होंने खाते ऑनलाइन कंपनियों को उधार में दे रखे थे। राशन कार्ड धारकों ने सालों तक शासन को चूना भी लगाया है। इनका तरीका था कि इन्होंने कार्ड बनवाने अपनी आय की जानकारी गलत दी। एपीएल की श्रेणी में आने वाले इन 62 हजार 813 कार्ड धारकों ने बीपीएल से राशन लिया। इस हिसाब से शासन को प्रति वर्ष 66 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वो ऐसे कि बीपीएल कार्ड में निशुल्क चावल मिलता है, जबकि एपीएल में प्रति किलो 10 रुपए देने होते हैं।

### ईकेवाईसी और डोर टू डोर सर्वे में खुलासा

दरअसल खाद्य विभाग और बैंकों ने ईकेवाईसी के साथ ही डोर टू डोर सर्वे किया था। इसमें खातों की जांच की गई। इसमें लाखों का ट्रांजेक्शन दिखाने की वजह से लोगों के खाते संदिग्ध की श्रेणी में डालकर सूची से नाम हटा दिया गया है। नाम हटते ही पीड़ित सामने आ रहे हैं कि इनके साथ ठगी हो गई है। पैसे का लेनदेन करने वाली कंपनियां ठगी करके चली गई। लेनदेन में इन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। उल्टा अब इनके राशनकार्ड रद्द किए जा रहे हैं। ऐसे में अब थाने से लेकर खाद्य विभाग तक ऐसे आवेदन पहुंच रहे हैं। इन्हीं आवेदनों से बड़े पैमाने पर हुई ठगी का खुलासा हो रहा है।

### संपत्ति बेचकर राशि वसूली जाएगी

गौरतलब है कि प्रदेश में ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब एक साथ 62 हजार 813 लोगों को आरआरसी (राजस्व वसूली प्रमाणपत्र) जारी होगी। सालों तक जिन राशन कार्ड धारकों ने शासन को झांसा देकर शासन का राशन उठाया है। अब इन्हें इसकी कीमत वापस करना पड़ेगा। रकम वापस नहीं करने पर इनकी संपत्ति बेचकर राशि वसूली जाएगी।

### पुलिस और बैंक कर रहे काम

ऐसे राशन कार्ड धारक जो एपीएल की श्रेणी में आते हैं और बीपीएल राशनकार्ड बनवा रखे थे। उनका कार्ड निरस्त किया जा रहा है। म्यूल खातों पर काम बैंक और पुलिस विभाग की ओर से किया जा रहा है।

**- अमृत कुजूर,** नियंत्रक, खाद्य विभाग

### पुलिस को दे रहे जानकारी

बैंकों ने जब म्यूल खातों की जांच डोर टू डोर जाकर की तो इसकी पूरी जानकारी हाथ लगी। इन बीपीएल कार्डधारियों के खातों में प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक लेनदेन पाया गया। ऐसे खातों की जानकारी पुलिस और खाद्य विभाग को दी जा रही है।

**- ललित अग्रवाल,** समन्वयक, बैंकर्स क्लब

---

करीब 20 करोड़ की लागत से बनाना था नाला

# नाला निर्माण के लिए खाई की तरह खोदा गया गड्ढा, अधूरा काम छोड़ भागा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृषि महाविद्यालय के ठीक बाजू से निर्माणधीन नाले का काम पिछले कई माह से बंद पड़ा है। नाला निर्माण के लिए खाई की तरह सरकारी जमीन को खोदा गया है, बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने यहां की मिट्टी कहीं ओर खपा दी है। इसके बाद से काम छोड़ भाग खड़ा हुआ है, लेकिन अब पशु विश्वविद्यालय के निर्माण और शुरू होते ही इनमें मवेशियों के गिरने की आशंका बनी हुई है।

सरकंडा बंधवापारा में बारिश के दिनों में लबालब पानी भरने की नौबत हर साल आती है, इस समस्या में नगर निगम की किरकिरी भी होती है। ऐसे में अधिकारियों ने प्लानिंग कर बंधवापारा से कोनी मुख्य सड़क तक नाला निर्माण की योजना बनाई। इस साल नाला निर्माण का काम शुरू किया गया, करीब एक किमी के नाला का निर्माण किया गया है, लेकिन बीच में नाला अधूरा है। बताया जा रहा है, पशु महाविद्यालय परिसर में नाला निर्माण के लिए खाई की तरह जमीन गई है, इसमें से मिट्टी ठेकेदार द्वारा बेच दी गई है। अब काम बंद होने के बाद नाला जस की तस स्थिति है, जमीन में मवेशियों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अधूरा नाला बारिश के दिनों में खतरनाक हो सकता है। बंधवापारा में पानी भरने के बाद पानी का बहाव इसी ओर होने से जलमग्न होना तय है, जिससे स्थिति भयावह हो सकती है।



कृषि महाविद्यालय के पास नाला निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा।

### गैरजिम्मेदार हो चुके हैं अधिकारी

इस मामले में जोन कार्यालय के जोन कमिश्नर को कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन ना तो अधिकारी कार्यालय में बैठ रहे हैं और ना ही फोन पर संपर्क हो पा रहा है। ऐसे में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में निर्माण कार्य के निरीक्षण की जिम्मेदारी इन्हीं अधिकारियों पर होती है। सहायक यंत्री, जोन कमिश्नर को क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी तक नहीं होती है।

### जानकारी ली जाएगी

नाला निर्माण के अधूरे होने की जानकारी नहीं है। इस बारे में संबंधित अधिकारी और ठेकेदार से जवाब लिया जाएगा। अधूरा काम किसी उद्देश्य के लिए रोका गया है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

**-अमित कुमार,** कमिश्नर, नगर निगम

---





सागौन लकड़ी के भरी जब्त कार।

# लकड़ी तस्कर को नहीं पकड़ सका वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस हालत में दो लाख की सागौन जब्त की है, जो स्कार्पियो में लोड की गई थी। सागौन लोड गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं जिस स्थान पर सागौन के पेड़ों की कटाई की जा रही थी, वहां शराबियों का अड्डा बन चुका है। इसकी रोकथाम पर भी विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- **जिस स्थान पर की गई पेड़ों की कटाई, वहां शराबियों का अड्डा**

कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़ी एक स्कार्पियो पर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में दो दिन पहले गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी। कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की।

वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। विभाग की टीम को सागौन की लकड़ी तो मिली, लेकिन जिस स्थान पर पेड़ों की कटाई हुई थी वहां शराबियों का जमावड़ा प्रतिदिन का रहता है। शराब पीने के बाद आसपास के ग्रामीण वहां बोतल और खाने-पीने का सामान छोड़कर चल देते हैं, जिसपर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

### प्लास्टिक बैन का लगा है बोर्ड

कोटा क्षेत्र के जिस कक्ष क्रमांक में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। उस स्थान पर शराब की बोतल और प्लास्टिक डिस्पोजल से पूरा जंगल भरा पड़ा है। पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ घोंघा जलाशय पर्यटन स्थल के रूप में माना जाता है। पूरे जंगल के इलाकों में गंदगी के साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी जारी है। यहां गंदगी को रोकने और सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्लास्टिक बैन का एक बोर्ड भी लगाया है, जिसके बावजूद लोग इसे अनदेखा कर देते हैं।

### मिली है जानकारी

अवैध लकड़ी कटाई के साथ शराबखोरी की जानकारी मिली है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश टीम को दे दिया गया है। इसके साथ ही लकड़ी तस्करी के आरोपी भी खोजबीन की जा रही है, जो जल्द ही वन विभाग के हाथ लग जाएगा।

**-अनिल भास्करन,** एसडीओ, कोटा बिलासपुर वन मंडल

---

# मजदूर के घर में मिले 14 लाख का रहस्य बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रोजी मजदूरी करने वाले के घर से 14 लाख रुपए मिलने के रहस्य से पर्दा उठाने में दूसरे दिन भी पुलिस नाकाम रही है। मजदूर की पत्नी ने भागकर अपना मोबाइल बंद कर लिया है। उसके पकड़े जाने के बाद मोटी रकम कहां से आई इसका खुलासा हो पाएगा।

- **पुलिस महिला को नहीं खोज पाई**
- **महिला का मोबाइल बंद**

शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दयालबंद मुधबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाले विजेन्द्र बैस के घर से 14 लाख रुपए बरामद किया था। पूछताछ करने पर वह नोटों से भरा थैला पत्नी के द्वारा लाना बता रहा है। उसकी पत्नी लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती है। नोटो के थैला सहित पति के पकड़े जाने पर उसकी पत्नी भाग खड़ी हुई है। पुलिस ने पति से उसकी पत्नी के रिस्तेदारों के संबंध में पूछताछ कर दबिश दी, किन्तु महिला नहीं मिली। वहीं महिला ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से महिला के पतासाजी में लगी हुई है। महिला के पकड़े जने पर मामले का खुलासा हो पाएगा। उक्त रकम उसे किसने रखने के लिए दिया था। बहरहाल पुलिस सरगर्मी से महिला की तलाश कर रही है।



रोजी मजदूरी करने वाले के घर मिले 14 लाख रुपए

बिलासपुर। पुलिस ने एकाएक अनाप शनाप मोटी रकम खर्च कर अय्याशी करने वाले अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाले के घर में छापा मारा। तलाशी लेने से आलमारी में नोटों के बंडल से भरा थैला मिला। थैले में 14 लाख रुपए रखे हुए थे। पुलिस मजदूर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ईडी के छापे के डर से ओहदेदारों द्वारा उक्त रकम मजदूर के घर में छिपाने की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली दयालबंद मुधबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर ...

■ ईडी के छापे के डर से ओहदेदार लोगों के द्वारा नौकरानी के घर छिपाने की आशंका

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# पूर्व क्राइम ब्रांच एएसआई के सूने मकान में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र में पूर्व क्राइम ब्रांच के एएसआई के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने मकान खंगालने में पसीना बहा दिया। किन्तु चोरों के हाथ कीमती जेवर हाथ नहीं लगा है। चांदी के कुछ जेवर व चिल्हर नकद रकम से काम चलाना पड़ा है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला यमुनानगर निवासी पूर्व क्राइम ब्रांच के एएसआई जितेश सिंह वर्तमान में कोरबा जिला में पदस्थ हैं। वे यहां के मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ कोरबा में रह रहे हैं। बीच बीच में यहां आना जाना करते हैं। 4 दिसंबर सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके मकान के चैनल गेट व लकड़ी के दरवाजे के ताला को काटकर अंदर घुस गए। चोरों ने अंदर कमरे में सारी आलमारियों को खोलकर सामान खंगाल डाला। काफी पसीना बहाने के बाद भी चोरों को निराशा हाथ लगी उनके हाथ केवल कुछ चांदी



के जेवर व 5 से 7 हजार चिल्हर रुपए से काम चलाना पड़ा है। दूसरे दिन जितेश सिंह के छोटे भाई के बच्चे उनके घर गए तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। सूचना पर श्री सिंह कोरबा से शहर आकर अपना मकान देखा तो ताला टूटा मिला और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी व कबर्ड खुला हुआ था। सूचना पर सिविल लाइन टीआई एसआर साहू स्टाफ के साथ मौके पर जाकर उनके घर का मुआयना किया गया। टीआई श्री साहू ने बताया, जितेश सिंह ने अपने घर में हुई चोरी की सूचना दी है।

---




# खुदकुशी करने फांसी पर लटकी छात्रा, रस्सी टूटने से बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए के मकान में रहकर कम्प्यूटर सीखने वाली छात्रा ने कपड़ा सुखाने वाली रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। रस्सी टूट जाने से छात्रा गिर गई, आवाज आने पर मकान मालिक ने दूसरे रूम की दीवार से कूदकर दरवाजा खोला और छात्रा को सिम्स में इलाज के भर्ती कराया।

सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, बलौदा रसौटा निवासी युवती ने जांजगीर कालेज में एडमिशन लिया है। वह सरकण्डा कपिलनगर में किराए के मकान में रहकर पास की कम्प्यूटर दुकान में कप्यूटर सीखने के अलावा काम भी करती थी। उसे दुकान से प्रतिमाह 4 हजार रुपए वेतन मिल रहा था। रविवार की सुबह 7 बजे युवती ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे में कपड़ा सुखाने की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। पुरानी होने के कारण रस्सी टूट गई जिससे वह नीचे गिर गई। आवाज सुनकर बगल के रूम में रहने वाली छात्राएं उसके रूम गई तो दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुल रहा था। छात्राओं ने घटना की जानकारी मकान मालिक को दी।



मकान मालिक ने बगल के रूम में जाकर देखा तो छात्रा नीचे पड़ी हुई थी। वे दीवार कूदकर छात्रा के रूम में गए और दरवाजा खोलकर गले से रस्सी का फंदा निकाला। पीड़ित छात्रा को इलाज के लिए सिम्स ले जाने मकान से बाहर निकाले। इसी दौरान पास से एम्बुलेंस गुजर रही थी। मकान मालिक ने एम्बुलेस रोककर घटना की जानकारी दी। उसके बाद एम्बुलेंस से तत्काल सिम्स ले जाकर भर्ती कराया गया। सही समय पर दरवाजा खोल लेने व एम्बुलेंस मिल जाने से छात्रा की जान बच गई है। पुलिस ने छात्रा से आत्महत्या के कोशिश के संबंध में पूछताछ की, किन्तु छात्रा कोई भी कारण नहीं बता रही है।

